तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
राज्य स्तरीय स्पर्धा में दूसरे दिन रायपुर-बिलासपुर का रहा दबदबा



## खबर संक्षेप

### कायस्थ समाज का चित्रगुप्त पूजा समरोह 23 को

**कोरबा।** कायस्थ समाज की बैठक सोमवार को कृष्णा नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित की गई थी। बैठक में सर्व सम्मति से विगत वर्षो की तरह ही इस वर्ष भी चित्रगुप्त पूजा समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज को और शशक्त बनाने तथा शहर के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा, पाली, दर्री, बालको बांकीमोंगरा, गेवरा, करतला, उरगा, पोड़ी उपरोड़ा में निवासरत चित्रांशजनों को समाज से जोड़ने की दिशा आवश्यक कदम उठाने पर उपस्थितजनों ने जोर दिया, बैठक में समाज के जिला अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश सक्सेना, जिला अध्यक्ष मिथलेश वर्मा, शत्रुघन श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, भरत प्रसाद, रंजीत सिन्हा, विश्वास निगम, राजेश श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, राजेश सक्सेना, अंकित वर्मा, विकास सक्सेना उपस्थित थे।

### स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार का आयोजन आज

**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिमासानुसार इस माह में भी बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए "बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय दुकान क्रमांक 10,11 महानदी कांपलेक्स निहारिका रोड कोरबा में 14 अक्टूबर को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से जानकारी देने के साथ उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत 102 महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस हेतु इमरजेन्सी मेडिकल टेक्नीशियन (ईमटी) के 14 पदों (अनारक्षित 5, अनुसूचित जाति- 1, अन्य पिछड़ा वर्ग- 2, अनुसूचित जनजाति - 6) पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त रिक्त संविदा पदों पर पात्र इच्छुक अभ्यार्थियों से 24 अक्टूबर को शायं 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उक्त विज्ञापन का विवरण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा के सूचना पटल एवं कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट कोरबा डाट जीओव्ही डाट इन में उपलब्ध है।

### रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 22 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा शहरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 3-3 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 8 अक्टूबर से मंगाया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर निर्धारित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं एवं सहायिका पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं निर्धारित है। आवेदिकाओं को संबंधित वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र का नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा।

# जिले में आंगनबाड़ी को बालवाड़ी बनाने की योजना का काम ठप्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रायमरी स्कूल के परिसर में चलने वाली आंगनबाड़ी केंद्र को बालवाड़ी बनाने के लिए राज्य शासन की योजना जिले में भी लागू है। इस योजना के अंतर्गत प्रायमरी स्कूल के शिक्षकों को आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है। किंतु जिले में बालवाड़ी योजना तो लागू है किंतु शहर में ही वैसी स्थिति नजर नहीं आती जिससे यह माना जाए कि बालवाड़ी योजना साकार हो रही है।

जिले में महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत 2650 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। इनमें शहर और ग्रामीण अंचलों में सौ से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र प्रायमरी स्कूल के कैंपस में संचालित है। जिन्हें बालवाड़ी योजना में शामिल किया गया है। इस योजना के तहत बालवाड़ी में शामिल आंगनबाड़ी केंद्र आने वाले बच्चों में जिनकी उम्र 5 वर्ष है ऐसे बच्चों को प्रायमरी स्कूल लाकर उन्हें स्कूल के बच्चों के साथ प्राथमिक शिक्षा देना शामिल है। किंतु वर्तमान में तीन से 5 वर्ष के बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र आ रहे हैं किंतु बालवाड़ी केंद्र के रुप में ऐसे आंगनबाड़ी के रुप में परिवर्तित नहीं हो सके हैं। जबकि प्रायमरी स्कूल के कैंपस में ही ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल के तर्ज पर डेवलप करने की योजना आयी थी वह भी साकार नहीं हो सकी। यह जरुर है कि केंद्र की रंग रोगन कर बच्चों को खेल सामग्री का वितरण किया गया जिससे पुराने आंगनबाड़ी केंद्रों के जगह कुछ नया बदलाव जरुर नजर आया।

## प्रायमरी स्कूल के कैंपस में चलने वाली आंगनबाड़ी को किया गया है शामिल

**खास बातें**

- स्कूल के शिक्षकों को केन्द्र में जाकर पढ़ाने की दी जिम्मेदारी




### पूरक पौष्टिक आहार का वितरण

जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व से चल रहे पूरक पौष्टिक आहार का ही वितरण हो रहा है। रेडी टू ईट कार्यक्रम के तहत अब तक किसी की भी आंगनबाड़ी केंद्र में इसकी सप्लाई शुरु नहीं हो सकी है। अभी भी रेडी टू ईट का उत्पादन भी किसी भी 67 समूहों के द्वारा शुरु नहीं किया गया। जबकि उनको कार्य का आबंटन हुए दो माह का समय बीत चुका है।

## भिलाईबाजार सरस्वती स्कूल में आयोजित थी त्रिपक्षीय वार्ता

# त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान ग्रामीण व अफसर के बीच मारपीट, थाने का घेराव, घंटों चला हंगामा



बैठक में उपस्थित ग्रामीण एवं अधिकारी।



थाने का घेराव करते हुए ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भिलाईबाजार में जमीन अधिग्रहण को लेकर एसडीएम कटघोरा, एसईसीएल गेवरा प्रबंधन व भिलाईबाजार ग्रामवासियों के बीच एक स्कूल में त्रिपक्षीय वार्ता चल रही थी। वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को प्रशासन के सामने रखा था मांगों पर चर्चा के दौरान किसी मुद्दे को लेकर गेवरा प्रबंधन के अफसरों और ग्रामीणों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखे यह मुद्दा इतना भड़क गया कि ग्रामीण व एसईसीएल के अफसरों के बीच हाथापाई शुरू हो गई और दोनों पक्ष एक दूसरे को मारपीट करने पर आतुर हो गए। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हरदीबाजार थाने का घेराव कर दिया और एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ एफआईआर की मांग करते रहे। घंटों बाद जब एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई हुई तब जाकर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

**खास बात**

- एसईसीएल, प्रशासन के अधिकारी व ग्रामीण बैठक में थे शामिल

जानकारी के अनुसार एसईसीएल प्रबंधन द्वारा भिलाईबाजार की भूमि अधिग्रहण को लेकर सोमवार को भिलाईबाजार के सरस्वती शिशु मंदिर में त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई थी। जिसमें एसडीएम कटघोरा, एसईसीएल गेवरा प्रबंधन के अफसर व भिलाईबाजार ग्रामवासियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता चल रही थी। वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को प्रशासन के सामने रखा। ज्यादातर मांगों पर प्रशासन की और एसईसीएल के अफसरों की सहमति बन गई थी लेकिन इसी बीच किसी बात को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान माहौल गर्म हो गया जिसके बाद ग्रामीणों और एसईसीएल के अफसरों के बीच वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। देखते ही देखते यह वाद विवाद मारपीट में तब्दील हो गया स्थिति काफी विस्फोटक हो गई। जिसके बाद एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते हुए बड़ी संख्या में हरदीबाजार थाना जा पहुंचे और एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाने का घेराव कर दिया। उनकी मांग थी कि जब तक एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई नहीं होगी तब तक उनका प्रदर्शन समाप्त नहीं होगा। घंटों चले थाना घेराव के बाद में ग्रामीणों की लिखित शिकायत पर एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद कर लिया तब जाकर घेराव समाप्त हुआ।

### एफआईआर दर्ज हुई अफसर के खिलाफ

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भिलाईबाजार निवासी आशीष पाटले उम्र 25 वर्ष पिता रथलाल पाटले ने हरदीबाजार थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि सोमवार की दोपहर लगभग 1.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर भिलाईबाजार के मैदान में एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता चल रही थी। जिसमें ग्राम भिलाईबाजार के ग्रामीणों एवं एसईसीएल गेवरा के अधिकारियों के मध्य वार्तालाप हुआ, इस बैठक के बाद सभी ग्रामीण अपने घर जाने के लिये मैदान से निकल रहे थे, तभी एसईसीएल गेवरा में डिप्टी मैनेजर के पद पर पदस्थ अफसर शिखर सिंह चौहान स्कूल के गेट के सामने मुझे देखकर बोला कि आज भिलाईबाजार का ग्रामीणों का मीटिंग विफल हो गया हैं। तब मैंने शिखर सिंह चौहान को बोला कि हम लोगो को ऐसा क्यों बोल रहे हो इतने में शिखर सिंह चौहान बोला कि तुम लोगों को सबक सिखाउंगा और मेरे साथ गाली गलौच करने लगा जिसका मैंने विरोध किया तो शिखर सिंह चौहान सभी के सामने हाथ मुक्का लात घुसा से मेरे साथ मारपीट करने लगा। जिससे मुझे चोट आयी है। आशीष पाटले की रिपोर्ट पर पुलिस ने शिखर सिंह चौहान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

# बाइक सवार दंपती को बाइक ने मारी टक्कर, पति की मौत



घटनास्थल में दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक दंपति अपने 15 वर्षीय मासूम पुत्र के साथ पड़ोसी जिले से मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने रिश्तेदार के घर मेहमानी में आए हुए थे। जहां रिश्तेदार के घर मुलाकात कर तीनों मोटरसाइकिल में अपने घर लौट रहे थे कि हाईवे में उनकी मोटरसाइकिल को दूसरे मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से ठोकर मार कर फरार हो गया। हादसे के होते ही मोटरसाइकिल सवार परिवार सड़क पर गिर गया और हादसे में पति की मौत हो गई जबकि पत्नी और उसका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

**खास बात**

- चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुंदर नाला के समीप हुआ हादसा



घायल महिला।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले के उदयपुर निवासी सुमल साय 45 वर्ष अपनी पत्नी संगीता 42 वर्ष पुत्र कृष्ण 15 वर्ष के साथ अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 डी 5988 में सवार होकर पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा अपने रिश्तेदार के घर आए हुए थे। जहां रिश्तेदार के घर मुलाकात कर दोपहर लगभग 12 बजे पुनः पति-पत्नी और उनके पुत्र मोटरसाइकिल में सवार होकर ⏭ शेष पेज 4 पर

# गेवरा बस्ती पार्षदों की मेहनत रंग लाई, जारी मुआवजा पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

पिछले 11 वर्षों से एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधक द्वारा गेवरा बस्ती सहित अन्य ग्रामों की भूमि अधिकरण के लिए बनाए जाने वाले मुआवजा पत्रक के लेट लतीफे और त्रुटि रहित मुआवजा पत्रक को लेकर कुसमुंडा गेवरा बस्ती क्षेत्र के पार्षदों की मेहनत रंग लाई है।

एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधक द्वारा 29 सितंबर को 299.29 करोड़ का मुआवजा पत्र जारी किया है इस पत्रक में 2913 प्रभावित किसानों के लगभग 1243 एकड़ जमीन के अधिकरण होने की पुष्टि की गई है गेवरा क्षेत्र में अधिकरण की प्रक्रिया में हो रही लेट लतीफी वह त्रुटि रहित मुआवजा पत्र को लेकर क्षेत्र के पार्षद श्रवण कुमार यादव, इंद्रजीत बिहार, राजकुमार कंवर एवं प्यारेलाल दिवाकर के नेतृत्व में जुलाई 2025 को आंदोलन और घेराव किया गया था। इसके बाद एसईसीएल प्रबंधक द्वारा लिखित में आश्वासन देते हुए 3 महीने का समय मांगा गया था।



प्रबंधक से मुआवजा पत्रक लेते पार्षद।

ए स ई सी ए ल प्रबंधक द्वारा गेवरा क्षेत्र भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा पत्र जारी किया गया। जिसमें 299.29 करोड रुपए मुआवजा की जानकारी दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 11 वर्ष पूर्व गेवरा बस्ती सहित अन्य ग्रामों की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया की गई थी। प्रबंधक द्वारा सभी ग्रामों की भूमि अधिकरण को लेकर ड्रोन से सर्वे कराया गया था जो कि कॉल इंडिया के डीजी कॉल प्रोजेक्ट का हिस्सा भी रहा। गांव के जमीन के अधिग्रहण के बाद धारा 4 व धारा 7 के प्रकाशन के बाद खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी गई है। वहीं मुआवजा प्रकरण में भी लेट लतीफ की जा रही थी जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश के उत्पन्न हो रहा था। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ते हुए भूमि के बदले प्रभावित किसानों को मिलने वाले पुनर्वास की सुविधा मुआवजा व नौकरी संबंधित प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जाएगी। इस समय को देखते हुए चारों पार्षद ने मिलकर बीड़ा उठाई और ग्रामीणों की मदद से प्रबंधक के खिलाफ धरना एवं आंदोलन किया गया। इसके पश्चात प्रबंधक द्वारा संज्ञान लेते हुए 3 महीने का समय मांग कर निराकरण करने की बात का ही थी।

# लाखों की ठगी के मामले में जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एमक्यूडी-8 बल्गी कॉलोनी निवासी दीनदयाल उम्र 59 वर्ष पिता समारु ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एसईसीएल बल्गी परियोजना में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। पिछले वर्ष सितम्बर 2024 को दीनदयाल के मोबाईल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने मों नं 9098144445 से कॉल कर अपना परिचय प्रवीण झा देकर दीनदयाल को डराने लगा कि तुम एसईसीएल बल्गी में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे हो मैं तुम्हारी शिकायत सभी कार्यालय में भेजकर तुम्हे नौकरी से बाहर करा दूंगा और यदि तुम चाहते हो कि मैं कोई ऐसा काम नहीं करु तो तुम मुझे 8 लाख रुपये दे दो मैं कोई शिकायत या कार्यवाही नहीं करूंगा। इस तरह की धमकी के बाद दीनदयाल के द्वारा उस व्यक्ति से मिलने की ईच्छा बताने पर वह दीनदयाल को दीपका थाना के पास आकर मिलने बोला तब दीनदयाल अगले दिन उसके कहे अनुसार दीपका थाना के पास अपने मित्र सावना (एस.ई.सी.एल. रिटायर्ड कर्मचारी) के साथ उससे मिलने पहुँचा जो वहां वह अकेले खड़ा था। उससे बातचीत करने पर वह बोला के उसके पास बहुत से ऐसे दस्तावेज है जिससे दीनदयाल की नौकरी खत्म हो जाएगी। ऐसा कहते हुए प्रवीण झा के द्वारा दीनदयाल से 8 लाख रुपये की मांग की गई जिस पर दीनदयाल के द्वारा कुल 5 लाख रुपए किश्तो में प्रदान कर दिया गया। 23 दिसम्बर 2024 में पुनः वह मुझे मेरे मोबाईल पर व्हाटसअप मैसेज भेज कर विभिन्न अधिकारियों को शिकायत करने की धमकी भेजने लगा, तब मेरे द्वारा उससे कॉल कर बातचीत करने पर वह कहने लगा कि मैं तो आपकी बात मान कर आगे कोई कार्यवाही नही कर रहा हूँ लेकिन पुलिस अधीक्षक कोरबा नहीं मान रहे है उन्हें 2 लाख 50 हजार रुपये की और मांग की गई इस तरह प्रशांत झा के द्वारा दीनदयाल का भयादोहन करते हुए किश्तों में कुल 11 लाख 60 हजार रुपए की उगाही कर ली गई है। दीनदयाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रशांत झा के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

## एआईसीसी के पर्यवेक्षक ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

# जो लड़ेगा वह कांग्रेस में चलेगा, संगठन में समझौतावादियों को जगह नहीं : खुटिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश संगठन को लेकर कांग्रेस में चल रहे संपर्क अभियान के तहत कोरबा जिले के एआईसीसी पर्यवेक्षक डॉ आरसी खुटिया ने कहा कि जो लड़ेगा वो कांग्रेस में चलेगा, समझौतावादियों को संगठन में जगह नहीं दी जाएगी। बीते एक पखवाड़े के दौरान 42 सौ लोगों से संपर्क हुए हैं। शहर और ग्रामीण के अलग अलग संगठन तैयार होंगे। 15 लोगों ने दावेदारी की है जिनके पैनल एआईसीसी को भेजे जाएंगे अगले महीने इसकी घोषणा हो जाएगी।

एक पखवाड़े से एआईसीसी पर्यवेक्षक डॉ आरसी खुटियां जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के कांग्रेस संगठन और कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रहे हैं। सोमवार शाम कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि संगठन में पादर्शिता लाने के लिए एआईसीसी ने सीधे आम कार्यकर्ताओं से संपर्क करने का अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत संगठन के सभी कार्यकर्ताओं से सीधे संपर्क किया गया। 6 संगठन शहर और 6 संगठन ग्रामीण क्षेत्र में बनाए जाएंगे। 15 लोगों का पैनल तैयार हुआ है। जिनके नाम एआईसीसी को भेजे जाएंगे। श्री खुटिया ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जब संगठन के सदस्य को मनोनित किया जाता था तो लंबी चौड़ी कार्यकारिणी बनाई जाती थी। इस बार ऐसा नहीं चलेगा। ऐसे लोगों को संगठन में जगह मिलेगी जो कांग्रेस के लिए कार्य करते हैं और लड़ते हैं। समझौतावादी लोगों को संगठन में जगह नहीं दी जाएगी। संपर्क अभियान के दौरान लोकसभा और विधानसभा के दौरान बूथ स्तर पर वोट क्यों कम हुए इस पर भी चर्चा हुई। विधायक व पूर्व विधायक ने अपने अपने सुझाव दिये हैं जो एआईसीसी को भेजे जाएंगे। संगठन में बनाए जाने वाले पदाधिकारियों के लिए उम्र की सीमा के संबंध में श्री खुटिया ने कहा कि 35 से 55 वर्ष के लोगों को अध्यक्ष बनाने की राय तय हुई है। कुछ विषम मामलों में एआईसीसी इस क्राइटेरिया को किसी क्षेत्र में बदल सकती है। कांग्रेस कार्यालय के संबंध में उन्होंने कहा कि शहर में कांग्रेस कार्यालय का निर्माण चल रहा है जिसे 2026 तक पूरा करने का संकल्प लिया गया है। संगठन के द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान जो चलाया गया था उसमें सभी वर्गों का सहयोग मिला है। श्री खुटिया ने आगे कहा कि बूथ स्तर के कमेटी को मजबूत बनाया जाएगा। एआईसीसी बूथ कमेटी के सदस्यों से सीधे बात भी कर सकती है। पत्रकारवाता में विधायक फूल सिंह राठिया, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चौहान, शहर जिला अध्यक्ष नाथूलाल यादव, सपना चौहान, सुरेंद्र जायसवाल, श्यामसुंदर सोनी, संतोष राठौर आदि उपस्थित थे।



पत्रकारवार्ता में उपस्थित एआईसीसी पर्यवेक्षक श्री खुटिया।

### पुलिस कर्मी पर मारपीट का आरोप, शिकायत

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत काशीनगर निवासी फैजान खान उम्र लगभग 18 वर्ष पिता बबलू खान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत की है कि 12 अक्टूबर की रात्रि लगभग 8 बजे फैजान खान का भाई अहव खान एवं उसके दोस्त तेजस्व सहकर राजेन्द्र प्रसाद नगर, फेस-1 दशहरा मैदान में हर्ष यादव का बर्थडे मना रहे थे तभी आपस में कुछ दोस्तों का विवाद हो गया विवाद के संबंध में अहद खान, फैजान खान एवं तेजस्व अपने पिता के साथ रात्रि लगभग 9 बजे सिविल लाईन थाना सूचना देने गये थे। फैजान खान व उसका भाई थाने के अंदर घुसे तो एक पुलिस कर्मचारी जिसका नाम राजेश्वर सिंह ठाकुर को लिखित सूचना दिया गया तब राजेश्वर सिंह ठाकुर के द्वारा कमरे में बुलाकर गाली गलौच कर मारपीट करने का आरोप लगाया है।


Diamond ज्वेलरी
कुंदन ज्वेलरी
राजवाड़ा ज्वेलरी
गोल्ड ज्वेलरी
एंटीक ज्वेलरी
Diamond पोल्की ज्वेलरी
ब्राईडल ज्वेलरी
की अनोखी पेशकश
www.shrisilvercenter.in
Since - 1968
Silver Center
The Jewellers
पुष्य नक्षत्र
में ज्वेलरी
खरीदी पर पाएं
आकर्षक उपहार
मानक: पथप्रदर्शक:
916 हालमार्क देखकर ही
ज्वेलरी खरीदें
शुद्ध चांदी के 999 हालमार्क
वाले सिक्के उपलब्ध
Fresh Collection
Available
200 ग्राम चांदी
की ज्वेलरी लेने पर
मेकिंग चार्ज फ्री*
हर सोने की ज्वेलरी खरीदी
पर पाएं आकर्षक उपहार*
पुराने सोने
पर पाएं
100%
वैल्यू*
गोल्ड में मेकिंग
चार्ज मात्र
7.99%
से शुरू*
T & C Apply*
SILVER CENTER
JEWELLERS
सन् 1968 से अनवरत् आपकी सेवा में...
श्री
सिल्वर सेंटर
The Jewellers
Exclusive Showroom of Diamond, Gold Silver & Real Stones
पॉवर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.), मो.9111600500

## खबर संक्षेप

### विक्षिप्त महिला को मिला सखी सेंटर में आश्रय



**सूरजपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन और सचिव डीएलएसए, पायल टोपनो के त्वरित दिशा-निर्देशन में, रात के अंधेरे में भटक रही एक विछिप्त महिला को तत्काल रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया। यह घटना स्थानीय प्रशासन, पुलिस और जागरूक नागरिकों के उत्कृष्ट समन्वय की कहानी बयां करती है। व्हाट्सएप से मिली पहली सूचना की शुरुआत शनिवार देर रात हुई। स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप पर एक पोस्ट शेयर किया गया, जिसमें ग्राम उमापुर में एक विक्षिप्त महिला के भटकने की जानकारी और उसकी तस्वीर थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में कार्यरत अधिकार मित्र सत्य नारायण ने इस पोस्ट को गंभीरता से लिया और तुरंत सचिव पायल टोपनो को इसकी जानकारी दी। सचिव ने बिना समय गंवाए इसे अतिसंवेदनशील मामला मानते हुए महिला का पता लगाने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। रात 8 बजे ग्राम मोरगा से हुई पहचान पूरे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम महिला का पता लगाने में जुटी रही। दूसरे दिन रात लगभग 8 बजे, ग्राम मोरगा के एक जागरूक नागरिक पिंटू राजवाड़े ने अधिकार मित्र को फोन पर बताया कि वही महिला उनके गांव में भटक रही है।

सूचना मिलते ही सचिव पालय टोपनो ने मानवता को प्राथमिकता देते हुए, बिना किसी देरी के महिला को तत्काल सुरक्षित रेस्क्यू कर सखी रेन्टर लाने का निर्देश दिया ताकि उसकी आवश्यक देखभाल और चिकित्सा सहायता मिल सके। रेस्क्यू टीम में अधिकार मित्र श्रीमती आशा गोंड, सत्य नारायण और पुलिस के प्रधान आरक्षक राम जनत प्रधान एवं आरक्षक गणेश सिंह ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला और महिला को रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया, जहां अब वह सुरक्षित है और उसकी देखभाल की जा रही है।

### लहपटरा स्कूल में 50 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

**लहपटरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहपटरा में मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत 50 बालिकाओं को साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल, दिनेश बारी, गोपाल सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर किया गया। संस्था की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। अतिथियों का स्वागत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया एवं अतिथियों का स्वागत संस्था की प्राचार्य श्रीमती जेरमिना किण्डो एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। अतिथियों द्वारा शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने हेतु शासन द्वारा उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में बताया। मंत्री राजेश अग्रवाल के सौजन्य संस्था के सभी बच्चो को पानी बोतल एवं अभ्यास पुस्तिका, कॉपी का वितरण किया गया।

## पृष्ठ 3 का शेष

### मोटर सायकल सवार...

अपने घर उदयपुर लौट रहे थे कि चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुंदर नाला के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल के चालक में उनकी मोटरसाइकिल को ठोकर मारते हुए मौके से फरार हो गया। जिससे मोटरसाइकिल में सवार सुमल साय 45 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी संगीता और पुत्र कृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही चैतमा चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया है जबकि मृतक सुमल साय के शव को वैधानिक कार्यवाही के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दुर्घटनाकारित मोटरसाइकिल की खोजबीन में जुटी हुई है।

## कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक डॉ. खुटिया ने कांग्रेस कार्यालय में ली बैठक

# कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को पर्यवेक्षक ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिला पर्यवेक्षक डॉ.आर सी खुटिया ने जिले के कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग का देश के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान है। जिसमें राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका शामिल है। छत्तीसगढ़ के विकास एवं उत्थान में भी ओबीसी वर्ग के योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि कोरबा विधानसभा क्षेत्र में भी ओबीसी वर्ग के लोग सर्वाधिक है।

देश के सविंधान के माध्यम से पिछड़े वर्गों के उत्थान के प्रावधान शामिल है। वहीं सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान निर्धारित है। डॉ खुटिया ने कहा कि ओबीसी वर्ग के लोग अपने व्यवसाय एवं शिक्षा में महत्वपूर्ण प्रगति किया है। डॉ.



पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते श्री खुटिया।

खुटिया ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी में पुर्नगठन के लिए एआईसीसी ने उन्हें जिले के दोनां संगठन जिला ग्रामीण एवं शहर के लिए पर्यवेक्षक बनाकर यहां भेजा है, जिसके तहत 5 अक्टूबर से अब तक जिला कांग्रेस ग्रामीण, जिला कांग्रेस शहर, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयुआई, इंटक, अल्पसंख्यक, आदिवासी कांग्रेस, एससी कांग्रेस, एसटी कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सहित कोरबा शहर के चार ब्लॉक कमेटी एवं ग्रामीण के 11 ब्लॉक कमेटियों की बैठक लेकर वन टू वन अलग-अलग नेताओं से उनके राय जाना है। अंतिम दिन ग्रामीण के 11 उम्मीदवार एवं शहर के 15 उम्मीदवारों से अलग-अलग मुलाकात कर उनके विचार जानने का प्रयास किया है। हमने जाना कि उन्हें अध्यक्ष नियुक्त क्यों करना चाहिए और अगर नियुक्त करते हैं तो वे कांग्रेस पार्टी के लिए किस प्रकार कार्य करेंगे। जिनमें मनोज चौहान, विकास सिंह, प्रभा तंवर, अशोक सिंह, योगेन्द्र सोनकर, गोपाल यादव, हरकुमारी, डोमिन मेंहदी, संतोषी सोनी, सूरज दास मानिकपुरी एवं मुरली महंत, नत्थुलाल यादव, रेखा त्रिपाठी, राकेश पंकज, बीएन सिंह, मुकेश राठौर, अर्चना उपाध्याय, पालूराम साहू, सपना चौहान, सुनील जैन, अभय तिवारी, मस्तुल कंवर, महेश अग्रवाल, दिनेश सोनी, केपी चंद्रवंशी एवं प्रशांत सिंह ने आवेदन जमा किया है। इन नामों से कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से मिले सुझाव एवं राय से 6-6 नामों का पैनल बनाकर एआईसीसी को भेजेंगे।

## विधायक की अध्यक्षता में बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व आह्वान पर विधायक निवास रेलडाबरी में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा टिफिन बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा एवं अध्यक्षता चुलेश्वर राठौर जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा ने किया व बैठक को संबोधित करते हुए विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। धान खरीदी की तिथि 15 नवंबर तय करना,पुनः पंजीयन शुरू करना और गिरदावली की समय-सीमा बढ़ाना। यह सभी किसान हित में ऐतिहासिक निर्णय हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और खेती को लाभकारी पेशा बनाना है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि यह टिफिन बैठक कार्यकर्ता और किसानों के साथ केवल चर्चा का मंच नहीं है,बल्कि किसानों से सीधा संवाद और भाजपा सरकार की किसान-हित प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण होगी। हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल महामंत्री व अध्यक्ष किसान मोर्चा नवरत्न सिंह राजपूत, पूर्व जिला मंत्री नरेश टंडन शिवचरण राठौर पूर्व जिला मंत्री, हीरालाल अहीर विधायक प्रतिनिधि, व्यास राठौर कोषाध्यक्ष, तुंगन पटेल महामंत्री किसान मोर्चा, विनोद कंवर मंडल उपाध्यक्ष, अनीता जांगड़े मंडल उपाध्यक्ष, देवनाथ यादव, मंडल मंत्री, श्रीमती लता कंवर मंडल मंत्री, राज ओगरे अजा मोर्चा अध्यक्ष, चैतराम बघेल, श्रीमती अनसूईया राठौर, रामनारायण यादव भोज प्रसाद कार्यकर्ता व किसान उपस्थित रहे।

## कल्चुरी महोत्सव में शामिल होंगे जिले से एक हजार लोग



बैठक में उपस्थित कल्चुरी समाज के सदस्य एवं पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

रतनपुर में होने वाले राष्ट्र स्तरीय कलचुरी महोत्सव अगामी 9 नवम्बर को होने वाली है। जिले के सभी जायसवाल बाहुल्य स्थानों में बैठक ले रहे है। 12 अक्टूबर को अमित/भावना निवास स्थान में शाम 4 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल करेंगे। एक दिवसीय कार्यक्रम में लगभग 50 हजार से अधिक संख्या में स्वजातीय लोग पहुंचने की अनुमान लगाया जा रहा है। जिसकी रूपरेखा हेतु सभी जिले के प्रभारी नियुक्त किया गया है और अपने अपने जिले के प्रभारी लोग बैठक लेकर विस्तार से गाइड लाइन दे रहे है।

बैठक मे में रतनपुर में होने वाले कल्चुरी महोत्सव के प्रचार प्रसार के विषय में चर्चा किया गया। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए भी कहा गया। कलचुरि महोत्सव के संयोजक डॉ सुनील जायसवाल रतनपुर, रमेश जायसवाल जिलाध्यक्ष कलचुरि समाज बिलासपुर, संजय महोबे प्रदेश सचिव कलचुरी समाज बिलासपुर, महेन्द्र जायसवाल जिलाध्यक्ष कलचुरि युवा मंच बिलासपुर, कृष्णा जायसवाल उपाध्यक्ष कलचुरि युवा मंच जिला बिलासपुर के अलावा डॉ शकुंतला जायसवाल महिला सभा जिलाध्यक्ष कोरबा, डॉ राजेंद्र जायसवाल अध्यक्ष जायसवाल समाज कल्याण वसमिति,शिवशंकर जायसवाल जिला सचिव जायसवाल समाज कल्याण समिति, महिला सभा इकाई अध्यक्ष रंजू डिक्सेना, अधिवक्ता पवन जायसवाल, अधिवक्ता अनिल जायसवाल, देवेंद्र कुमार, सुनीता जायसवाल,मुक्ता जायसवाल,किरण जयसवाल, भावना/अमित जायसवाल, अनुपमा जायसवाल, रश्मि डिक्सेना, अनीता डिक्सेना, अर्चना डिक्सेना, हरीश डिक्सेना, भावना/लोकेश, भारती जायसवाल, पूनम जायसवाल, संगीता जायसवाल, मीना जयसवाल, नम्रता जायसवाल, माधुरी जायसवाल, संजू डिक्सेना एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## प्री दिवाली के साथ करवा चौथ सेलिब्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में शामिल सेवा समिति के सदस्य।

शहर के प्रतिष्ठित होटल होटल हेरिटेज इन में नवप्रभा सेवा समिति द्वारा सौभाग्यवती भवः प्री दिवाली एवं करवा चौथ सेलिब्रेशन का तीसरा वार्षिक आयोजन बड़े ही धूमधाम से हुआ। महिलाओं के व्यस्त जीवन एवं त्यौहार की जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन करवा चौथ के बाद और दिवाली से पहले की व्यस्तता को ध्यान में रखकर भारतीय संस्कृती-संस्कार के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कविता सोनी ने की, राकेश सोनी, जयेश सोनी, दीपन सोनी, आकांक्षा गुप्ता, मोनिका गुप्ता ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई एवं मंच संचालन महक बुडानिया ने किया। मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं अतिथि के रूप में ज्योति देवांगन, सुमन देवांगन, भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता पटेले, तृप्ति मोदी, शोभा केडिया, रश्मि शर्मा, राशि सचदेवा, कुमुद दिनेश राठौर, सविता राखी पांडे, सपना वर्मा आदि उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में कार्यक्रम के गिफ्ट संयोजिका कविता बुढ़ानिया, मीनाक्षी सिंह, रीना साहू एवं मोनिका अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में सर्व समाज की लगभग 85 महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपना परिचय एवं प्रतिभा दिखायी। जिसमें सौभाग्यवती भवः का ताज शिवानी गुप्ता ने अपने नाम किया जबकि वंदना शाह दूसरा स्थान एवं अनुकृति सिंह तीसरी स्थान पर रहीं। नृत्य में आकांक्षा अगरवाल पहले, तात्या शर्मा दूसरे एवं शिवानी अग्रवाल तीसरे स्थान पर रहीं। गायन प्रतियोगिता में पहले अपेक्षा शुक्ला, दूसरे शैलजा सिंग तीसरे शिखा शुक्ल स्थान में रहीं।

## बिजनेस प्लस

### तुलसी टीवीएस में सपना चौधरी के हाथों नई टीवीएस मोटरसाइकिलों की हुई लॉन्चिंग




**कोरबा।** तुलसी ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड के शोरूम तुलसी टीवीएस में सोमवार को प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार सपना चौधरी के हाथों टीवीएस मोटर कंपनी की नई मोटरसाइकिलों और स्कूटरों का भव्य अनावरण किया गया। इस मौके पर ऑटोमोबाइल प्रेमियों की भारी भीड़ मौजूद रही। कार्यक्रम में नई टीवीएस अपाचे आरटीआर, नई टीवीएस राइडर डेडपूल एडिशन तथा नई टीवीएस जुपिटर 113 स्टार्ट डस्ट ब्लैक कलर को लॉन्च किया गया। टीवीएस अपाचे आरटीआर अपनी दमदार परफॉर्मेंस, रेसिंग डीएनए और आक्रामक डिजाइन के लिए जानी जाती है। टीवीएस राइडर डेडपोल एडिशन में आकर्षक ग्राफिक्स, डिजिटल डैश और एडवांस्ड फीचर्स के साथ युवा राइडर्स के लिए एक नया अनुभव पेश किया गया है। वहीं टीवीएस जुपिटर 113 स्टार्ट डस्ट ब्लैक स्कूटर को स्टाइल, आराम और माइलेज के बेहतरीन संतुलन के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर तुलसी ऑटोमोटीव प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर केदारनाथ अग्रवाल ने मुख्य अतिथि सपना चौधरी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हम पिछले 38 वर्षों से टीवीएस परिवार के साथ जुड़े हुए हैं। तुलसी टीवीएस पे ग्राहकों का भरोसा और कंपनी का सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हमें गर्व है कि टीवीएस जैसी विश्वसनीय कंपनी के साथ हम कोरबा और आसपास के ग्राहकों को अत्याधुनिक टू-व्हीलर अनुभव प्रदान कर पा रहे हैं। इस मौके पर तुलसी टीवीएस के संचालक केदारनाथ अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, टेरिटरी मैनेजर विक्रम के साथ स्थानीय ग्राहक और मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया।

## अमिताभ बच्चन के जन्मदिवस पर हमारी संस्कृति समिति ने किया सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यक्रम में शामिल संस्कृति समिति के सदस्य व अतिथि।

अमिताभ बच्चन के जन्मदिवस के अवसर पर हमारी संस्कृति समिति द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पार्षद नरेंद्र देवांगन, सभापति श्रीमती नूतन सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कपूरचंद पटेल, समिति के सदस्यगण तथा समाज के वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके बाद गीत, संगीत, कविता पाठ और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। स्थानीय कलाकारों ने अमिताभ बच्चन की फिल्मों जैसे दीवार, शोले, डॉन और अग्निपथ के संवादों और गीतों पर शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत ज़िंदगी का सफ़र और मेरे पास माँ है जैसे प्रसिद्ध संवादों ने दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि अमिताभ बच्चन भारतीय सिनेमा के ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने अभिनय की परिभाषा को नए आयाम दिए। उनका जीवन अनुशासन, संघर्ष और सफलता का प्रतीक है। अंत में पूरे सभागार ने एक साथ हैप्पी बर्थडे बिग बी गीत गाकर महानायक को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//सूचना//**

**अ०प्र०क्र० 202208052600011/0501 अ-27/2024-2025 ग्राम- दादरखुर्द, प०ह०नं०-21, तहसील व जिला-कोरबा, छ०ग०**

प्रति,1. बेदीन बाई पिता स्व० बुंदराम मरार 2. नानबाई पिता स्व० बुंदराम मरार 3. ननकी बाई पिता स्व० बुंदराम मरार निवासी ग्राम-दादरखुर्द तहसील व जिला कोरबा, छ०ग०

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के अपील प्रकरण क्र 202208052600011/0501/अ-27/2024-2025 में अपीलार्थी छेदूराम पिता स्व०बुंदराम जाति-मरार, निवासी ग्राम दादरखुर्द, तहसील व जिला कोरबा, छ०ग० के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार कोरबा के रा०प्र०क० 202208052600011/अ-27/2021-22 में पक्षकार बेदिन बाई वगै० विरूद्ध छेदूराम, साकिन-दादरखुर्द में पारित आदेश दिनांक 26/11/2024 से क्षुब्ध होकर छ०ग०भू०रा० संहिता की धारा 44(1) के तहत अपील ज्ञापन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवायी दिनांक 10/11/2025 को नियत की गई है।अतः आप नियत तिथि दिनांक 10/11/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होंवे। अनुपस्थित रहने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।आज दिनांक 09/10/2025 को न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### शंकरगढ़ की पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में पहली बार पहुंची बिजली

**अम्बिकापुर।** आजादी के बाद भी अंधेरे में जीवन गुजर बसर कर रहे लोगों की जिंदगी में अब रौशन हुई है। शासन की पहल से पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में बिजली की आपूर्ति शुरू हुई। विद्युत सप्लाई शुरू होने के बाद गांव में लोगों घर में पहली बार बल्ब जले। बता दें कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड का ग्राम बरपानी के पहाड़ी कोरवा बस्ती है। इस बस्ती में कुल 6 पहाड़ी कोरवा परिवार निवास करते है। इस बस्ती के ग्रामीण आज भी लालटेन युग में अपना जीवन बसर कर रहे थे। गांव में शाम ढलते ही अंधेरा हो जाता था और लोग अपने घरों के अन्दर दुबकने को मजबूर हो जाते थे। विद्युत सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को दिन के समय ही अपने काम निपटाने पड़ते थे। अब प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की पहल पर गांव में विद्युत आपूर्त शुरू हुई है। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों में तेजी से विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे दूरस्थ गांव, जहां कभी बिजली के खंभे देखना भी सपना था, आज वहां घर-घर बल्ब जल रहे हैं।
इसी अभियान के तहत पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में भी विद्युत लाइन का विस्तार कर ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति दी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले उन्हें शाम ढलने तक सारे काम निपटाने पड़ते थे, क्योंकि रात होते ही पूरा क्षेत्र घने अंधेरे में डूब जाता था। अब हालात बिल्कुल बदल गए हैं। रात का सन्नाटा अब रौशनी से जीवन की चहल-पहल में बदल गया है।

### लिटिल फ्लावर स्कूल में प्रथम छात्र संसद का गठन

**रामानुजगंज।** लिटिल फ्लावर स्कूल अपने आरंभिक काल से ही शिक्षा, अनुशासन और समाज विज्ञान के क्षेत्र में प्रयोग और नवाचार का केंद्र रहा है। मौलिक विचारक बजरंग मुनि के संरक्षण में विद्यालय ने पूर्व में भी अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आज विद्यालय में प्रथम छात्र संसद की बैठक आयोजित की गई। कक्षा 1 से 10 तक के सभी कक्षाओं के कक्षा नायक एवं वरिष्ठ वर्ग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री पद के लिए सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली खुशबू कश्यप को विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं छात्र संसद के सभापति अशोक कुमार गुप्ता ने शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री पद की दावेदारी में दूसरा सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली नैना लकड़ा को उप प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। वहीं ऋषभ को शिक्षा मंत्री पद पर शपथ ग्रहण कराया गया।

डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन का 12 वां वार्षिक सम्मेलन

# बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि आत्मघाती : धर्मराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसियेशन का 12वां वार्षिक सम्मेलन के पाटीदार भवन में संपन्न हुआ। छतराम सूर्यवंशी मंच और बी.सान्याल के नाम पर नगर का नाम रखा गया सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कामरेड धर्मराज महापात्र सहसचिव एआईआईईए एवं महासचिव सीजेड आईईए और विशिष्ट अतिथि काम. सुरेंद्र शर्मा महासचिव आरडीआईईयू स्वागत समिति के अध्यक्ष काम. वी एम मनोहर,सीटू राज्य अध्यक्ष एस एन बैनर्जी विशेष रूप से उपस्थित थे।

सम्मेलन की शुरुवात विशाल रैली से शुरू हुई जो ट्रांसपोर्ट नगर से निकली रैली के बाद बिलासपुर डिवीजन की अध्यक्ष संगीता झा ने ध्वजारोहण किया जिसके बाद सम्मेलन का खुले अधिवेशन की शुरुवात स्वागत समिति के अध्यक्ष वी एम मनोहर ने किया। अध्यक्षीय उद्बोधन संगीता



रैली में शामिल इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारी।

झा ने रखा उसके बाद धर्मराज महापात्र सहसचिव ए.आई.आई.ई.ए. ने सत्र का उद्घाटन भाषण दिया। कामरेड धर्मराज महापात्र ने कहा कि आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसियेशन भारतीय जीवन बीमा में कार्यरत 85 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों का नेतृत्व करता है राष्ट्रीयकरण के पूर्व देश में 245 से अधिक बीमा कंपनियां काम कर रही थी,जो पालिशीधारकों के हितों का संरक्षण के स्थान पर बीमा में कमाये गए मुनाफे को अपनी घाटे में चलने वाले व्यवसाय का संरक्षण कर पालिसीधारकों के धन को हड़पने के खेल में लगी थी और यही कारण था कि पालिसीधारकों के हित में बीमा व्यवसाय का राष्ट्रीयकरण किया गया। राष्ट्रीयकरण के उद्देश्य भी तय किए गए थे जिसमें जनता की बचत को राष्ट्र कल्याण में लगाना,उन्हें बीमा सुरक्षा प्रदान करना तथा सामाजिक कल्याण के कार्यक्रमों को संचालित कर रोजगारों के सृजन का भी कार्य शामिल था। वर्तमान सरकार एक तरफ स्वदेशी का नारा दे कर स्वदेशी अपनाने की बात कर रही है तो दूसरी ओर उसके ठीक विपरीत काम करते हुए उन्हें आमंत्रित कर रही है यह दोहरा चरित्र अनुचित है। उन्होंने आगे कहा कि सतत सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप कर्मचारियों पर कार्य का दबाव सतत रूप से बढ़ रहा है। निगम का व्यवसाय 410 प्रतिशत बढ़ा है वहीं कर्मचारियों की संख्या 43 प्रतिशत कम हुई है। आज उद्योग में नयी भर्ती की लड़ाई सरकार के नीतियों के खिलाफ लड़ाई हो गई है।सरकार निजीकरण के नाम पर तमाम सार्वजनिक उपक्रमों को निजी घरानों को सौंपने का कार्य कर रही है।

## सीएमडी ने किया मेगा प्रोजेक्ट्स का दौरा, सुधार लाने दिए निर्देश


खदान का निरीक्षण करते सीएमडी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने सोमवार को कोरबा स्थित मेगा प्रोजेक्ट्स का दौरा किया। श्री दुहन ने सबसे पहले दीपका खदान का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि के लिए विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खदान को 40 एमटी के वार्षिक लक्ष्य की दिशा में प्रगति तेज़ करने के निर्देश दिए तथा केसीसी ठेका कंपनी द्वारा ओबी निष्कासन कार्य की समीक्षा करते हुए इसे और गति देने पर बल दिया। इसके साथ ही खदान के बेंचेज़ और हॉल रोड्स को मानक अनुरूप एवं सुरक्षित बनाए रखने के निर्देश भी दिए। श्री दुहन ने मानसून उपरांत उत्पादन में तेजी लाने और हर स्तर पर परिचालन उत्कृष्टता सुनिश्चित करने पर विशेष ज़ोर दिया। दीपका के दौरे के उपरांत श्री दुहन ने गेवरा और कुसमुंडा खदानों का भी दौरा किया। उन्होने अधिकारियों से चर्चा की और उत्पादन-उत्पादकता की समीक्षा की और उत्पादन में वृद्धि हेतु दिशा-निर्देश दिए।

## बेलाकछार में बिजली जोड़ने को लेकर हंगामा बिजली कर्मी ही हैं भयभीत, पुलिस से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलाकछार के ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है कि कटघोरा उपसंभाग के अंतर्गत विद्युत वितरण केन्द्र दर्री ग्रामीण के अधीनस्थ ग्राम बेलाकछार में देवांगन बाड़ी के पास स्थित 100 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर में ओवरलोड हो जाने के कारण लोड को बांटते हुये लगभग 25 उपभोक्ताओं को विद्युत सुविधा देने के लिए पास में स्थित एक अन्य 100 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर जो कि ग्राम बेलाकछार में ही सामुदायिक भवन के पास स्थापित है में संयोजित किया



तीनों व्यक्तियों के द्वारा बाबू लाल यादव, दिलिप पटेल, छतराम देवांगन जान से मार देंगे खुन की नदिया बह जायेगा कहकर विद्युत गया था परंतु बाबू लाल यादव, दिलिप पटेल, छत्तराम देवांगन के द्वारा तार को जलन की भावना से उक्त विद्युत कनेक्शन को काट दिया गया है और जब विद्युत विभाग के अधिकार कर्मचारीओं को द्वारा उन्हें पुनः संयोजित करने के लिए जब स्थल पर उपस्थित होते है तो उक्त विभाग के अधिकारीयों को वहा से भगा दिया जाता है एवं ग्रामवासीओं को भी इसी प्रकार से धमकी दिया जाता है जिससे अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी भयभीत हैं। जब की अभी भी 15 दिवस से उक्त 25 उपभोक्ताओं का बिजली बंद हैं अंधेरे में जीवनयापन कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ बरपाली इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

आवाज दो हम सब एक हैं आज मांड़वारानी के पावन भूमि में मां की कृपा से मां के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ द्वारा एक नई पहलका आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के प्रदेश के पदाधिकारी मीडिया प्रभारी बोधन चौहान के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष कौशल चौहान के अगुवाई में यह कार्य रखा गया। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ परिवार से जुड़े और सभी के सलाह और राय से अध्यक्ष कोषाध्यक्ष और सचिव का चयन किया गया। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी बोधन चौहान के द्वारा सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाया गया और उन्हें एक दूसरे के सुख-दुख में एक दूसरे के सहयोग के लिए एक दूसरे के साथ में प्रेम व्यवहारसे और सभी


बैठक में शामिल ड्राइवर महासंघ के पदाधिकारी।

ट्रैफिक नियमों का उन्हें ज्ञान और जानकारी देते हुए सभी नियमों का पालन करने के लिए तभी आदरणीय को प्रेरित किया गया और छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के ड्रेस और लोगों के बारे में उन्हें जानकारी दी गई और अपील की गई कि आप सदैव ड्रेस और लोगों में ही गाड़ी चलाएं और रास्ते में अगर कोई अपना भाई दिक्कत में फंसा है परेशानी में फंसा है ड्रेस और लोगों में है तो उसकी हर हाल में सहायता मदद अपने छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के द्वारा करनी है।



## खबर संक्षेप



### नौकरी ने बदली पहाड़ी कोरवा मंझनीन की जीवन शैली

**कोरबा।** घने जंगलों और पहाड़ों के बीच बसे कोरबा जिले से एक प्रेरक कहानी सामने आई है। यह कहानी है पहाड़ी कोरवा जनजाति समाज की मंझनीन बाई की, जिन्हें लोग राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र की प्रतिनिधि के रूप में जानते हैं। कोरबा ब्लाक के ग्राम टोकाभांठा के मंझनीन बाई का जीवन संघर्षों से भरा रहा हैं। वे एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं जहाँ जंगल ही जीवन का सहारा था। वन उपज एकत्र कर ही उनका परिवार गुज़ारा करता था। शिक्षा के लिए संसाधनों की कमी थी, फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कक्षा दसवीं तक अध्ययन पूरा किया। यही पढ़ाई आगे चलकर उनके जीवन में परिवर्तन की कुंजी बनी। जिला प्रशासन कोरबा ने डीएमएफ फंड के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित परिवारों को रोजगार से जोड़ने का महत्वपूर्ण कदम उठाया। इसी पहल के अंतर्गत मंझनीन बाई को ग्राम अज़गरबहार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में मानदेय आधार पर नियुक्ति दी गई। उनके पति किनारे लाल, जो स्वयं दसवीं पास हैं, को भी इसी योजना के तहत पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के हाई स्कूल एतमानगर में भृत्य के पद पर नियुक्ति मिली। अब दोनों पति-पत्नी आत्मनिर्भर हैं और अपने बच्चों व परिवार के लिए एक बेहतर भविष्य गढ़ रहे हैं।

### आरएसएस का बालकोनगर में निकला पथ संचलन



**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे हो गए हैं। उसने विजयादशमी उत्सव केशव उपनगर बालकोनगर में मनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों से पथ संचलन निकाला। घोष के साथ निकाले गए संचलन का कई जगह स्वागत सत्कार हुआ। मातृशक्ति ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। बताया गया कि जिले में अंतिम रूप से 15 अक्टूबर तक नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। अगले विजयादशमी तक कई सोपान कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

### जंक फूड पर जागरूकता कार्यक्रम




**कोरबा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में जंक फूड जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय उत्पादों/पौष्टिक खाद्य पदार्थ के उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से जागरूक किया गया। जिसके तहत बच्चों के लिये पौष्टिक भोजन एवं स्वच्छता पर चित्रकला एवं कटपुतली नाच का आयोजन किया गया। पोषण वाटिका से संबंधित गतिविधि कराई गई। फल, सब्जी आदि से संबंधित फैंसी ड्रेस/चित्रकारी/स्थानीय स्तर पर खिलौना निर्माण गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए परिवारों में पोषण संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। पौष्टिक पूरक खाद्य पदार्थो के लिये रेसिपी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। ग्राम स्तर पर स्वच्छता एवं संतुलित भोजन पर सामुहिक प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया, पोषण स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम जैसे साइकिल रैली, प्रभात फेरी, पैदल यात्रा की गई। पोषण माह के समापन पर जनजागरूकता गतिविधि का आयोजन तथा ग्राम पंचायत स्तरीय पर पौष्टिक आहार एवं संतुलित भोजन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिसमे मोटापे के समाधान के लिये चीनी और तेल के लिये खपत को कम करने तथा स्थानीयता को बढावा देने की समझाईश दी गई। संबंधित विभाग जैसे स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य सभी सहयोगी संस्था के साथ समन्वय कर गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### साइबर क्राइम पर नुक्कड़ नाटक कर विद्यार्थियों ने जागरूकता का दिया संदेश

**कोरबा।** त्रिलोकी पब्लिक स्कूल कटघोरा के विद्यार्थियों द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह चौक कटघोरा में साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड जागरूकता विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक का उद्देश्य आम नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फेक कॉल और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. मोना ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा स्मिता गुप्ता, काजल और योगिता के निर्देशन में तैयार किया गया।

### जिले में संचालित है 183 प्री व पोस्ट मैट्रिक आश्रम छात्रावास

# पदोन्नति के बाद भी छात्रावास अधीक्षकों के पद रिक्त, शिक्षक संभाल रहे प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पदोन्नति के बाद भी आश्रम छात्रावास अधीक्षकों का पद रिक्त होने के कारण शिक्षकों को अधीक्षक का प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है। लगभग 50 शिक्षक ऐसे हैं जो स्कूल के अध्यापन कार्य के साथ आश्रम के अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार भी देख रहे हैं। जबकि पिछले वर्ष ही पदोन्नति के साथ ही काउंसलिंग की गई थी।

**खास बात**

- जिले में एक मात्र सौ सीटर बालक छात्रावास है

आश्रम छात्रावास में लंबे समय से अधीक्षक के पद रिक्त थे, जिनमें लंबे समय बाद राज्य शासन की ओर से पदोन्नति की प्रक्रिया पिछले वर्ष शुरु की गई तब जाकर कुछ छात्रावासों को अधीक्षक मिले। इसी तरह नई भर्ती में आश्रम अधीक्षकों की भर्ती हुई। जिससे लगभग 15 नये अधीक्षक विभाग को मिले थे। अभी भी 50 से अधीक्षक आश्रम छात्रावास ऐसे हैं जिनके अधीक्षकों का काम सहायक शिक्षक या शिक्षक देख रहे हैं। इसी तरह आश्रम अधीक्षक के पद पर भी सहायक शिक्षकों को प्रभार दिया गया है। एक साथ दो प्रभार लेने के कारण शिक्षकों पर कार्य का दबाव पड़ने के साथ छात्रवास की व्यवस्था संचालन के लिए परेशानी झेलना पड़ रहा है। कई बार एक साथ दो प्रभार लेने वाले शिक्षकों को अध्यापन कार्य छोड़ कर अधीक्षक के कार्य के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय जाना पड़ता है।


फाइल फोटो

**जिले में संचालित आश्रम छात्रावास**

57 आश्रम, 16 पोस्ट मैट्रिक, 110 प्री मैट्रिक है, इनमें कुदमुरा बालक छात्रावास को सौ सीटर करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें अब तक केवल जटगा तुमान छात्रावास ही सौ सीटर है। शेष छात्रावास 50 सीटर, 40 सीटर और 30 सीटर हैं। बीते लंबे समय से छात्रावासों की सीट संख्या भी नहीं बढ़ाई गई है। हालांकि सीट संख्या बढ़ाने के संबंध में रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने शासन को पत्र भी लिखा है। जिले में पिछड़ा वर्ग के लिए केवल एक छात्रावास संचालित है वह भी बालिकाओं के लिए।

**व्याख्याता भी संभाल रहे अधीक्षिका का प्रभार**

आदिवासी विभाग के आश्रम छात्रावासों के अलावा समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका का प्रभार भी व्याख्याताओं को सौंपा गया है। इन व्याख्याताओं को फिजिक्स, कैमिस्ट्री के विषय के व्याख्याता शामिल हैं। जिनकी ज्यादा जरुरत हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका बनकर बैठी हुई है। जबकि युक्तियुक्तकरण के तहत अभी कई स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर आश्रम में अधीक्षक का प्रभार संभाल रही विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण से दूर रखा गया। प्रयास स्कूल की व्याख्याता को युक्तियुक्तकरण की काउंसलिंग में शामिल करने के बाद भी उनकी पदस्थापना सेंद्रीपाली स्कूल में की गई लेकिन अब तक कार्यमुक्त नहीं किया गया।

# छत्तीसगढ़ सशक्त दिव्यांगजन संघ का सम्मेलन संपन्न


सम्मेलन में शामिल दिव्यांग एवं श्रमिक संघ सीटू के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छत्तीसगढ़ सशक्त दिव्यांगजन संघ का सम्मेलन सीटू कार्यालय कोरबा में आयोजित हुआ सम्मेलन में मुख्य अतिथि सीटू के राज्य उप महासचिव वी एम मनोहर थे।

**खास बात**

- रोजगार के साथ पीएम आवास की मांग को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

सम्मेलन में सीटू के राज्य अध्यक्ष एस एन बैनर्जी उपस्थित थे।

सम्मेलन की अध्यक्षता पन्नालाल बांधे ने की उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनो को रोजगार में प्राथमिकता मिले एवं खदानों में काम के दौरान दुर्घटना में शिकार हुए दिव्यांगजनो को उसी खदानों में काम पे रखा जाए जिससे उनके आगे का जीवन चल सके। इसी के साथ दिव्यांगजनो को कई प्रकार से आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ता है और शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिव्यांगजनो को प्राथमिकता के आधार पर आवास योजना का लाभ मिल सके। संघ के महासचिव संतोष बंजारे ने महासचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई जिसका सभी ने समर्थन किया। संघ के सचिव प्रदीप चंद्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मेलन के अंत में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा कर दिव्यांगजनो की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित गुप्ता, सुखेंदु घोष, राजेश नागराज, धनंजय चंद्रा, रामाधार चंद्रा,जीडी महंत उपस्थित थे।

# स्नेहा ने नेशनल जू-जित्सु चैम्पियनशिप में जीते दो पदक


विजयी प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सहारनपुर (उत्तरप्रदेश) में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय जू-जित्सु चैम्पियनशिप में जिले को की उभरती जू-जित्सु खिलाड़ी लेवल अप एमएमए अकादमी की कोच स्नेहा बंजारे ने अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर सभी का ध्यान आकर्षित किया। स्नेहा ने नेवाज़ा वर्ग में रजत पदक और फाइटिंग वर्ग में कांस्य पदक जीतकर न केवल कोरबा जिला बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का गौरव बढ़ाया। आगामी वर्ल्ड जू-जित्सु चैम्पियनशिप (थाईलैंड) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है और आने वाले एशियन गेम्स 2026 की तैयारियों के लिए भी निर्णायक मंच है। महासचिव, छत्तीसगढ़ जू-जित्सु संघ, राणा अजय सिंह ने कहा स्नेहा का प्रथम प्रयास में राष्ट्रीय स्तर पर पहुचना और दोनों केटेगरी में पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल करना हम सबके लिए गर्व का क्षण है। लेवल अप एमएमए अकैडमी के निदेशक प्रेमराज बंजारे ने कहा कि हमारी एकेडमी का उद्देश्य केवल खेल सिखाना नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और जीवन कौशल का विकास करना है। स्नेहा की सफलता यह साबित करती है कि सही प्रशिक्षण और निरंतर प्रयास से अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचना संभव है। स्नेहा ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मैं स्वर्ण पदक जीतने का हर संभव प्रयास करूंगी, ताकि कोरबा और छत्तीसगढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर और ऊँचा हो सके।

# राज्य स्तरीय स्पर्धा में दूसरे दिन रायपुर-बिलासपुर का रहा दबदबा


मैदान में खेलते बिलासपुर व दुर्ग संभाग के खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में चल रही 25 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ी अपने उम्दा खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। दूसरे दिन 5 संभाग में रायपुर व बिलासपुर संभाग का दबदबा रहा। हॉकी, क्रिकेट, वॉलीबॉल और वाटर पोलो की प्रतियोगिताएं शहर के खेल मैदानों में आयोजित की जा रही है। जिनको देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी अलग अलग खेल मैदानों में पहुंच रहे हैं।

**खास बातें**

- हॉकी में दुर्ग और बस्तर संभाग रहे बराबरी पर
- सर्वाधिक परिणाम दुर्ग संभाग के पक्ष में

लगभग सात सौ खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्रिकेट, वॉलीबॉल, वाटर पोलो बालक बालिका के मैच खेले गए। जिनमें सभी खेलों में खिलाड़ियों उम्दा प्रदर्शन किया। देर शाम प्रतियोगिताओं के परिणाम भी जारी किये गये। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में संभाग स्तरीय कोच मैनेजर, निर्णायकगण शामिल थे। हर खेल मैदान में स्कोरर टीम बनायी गई थी। प्रतियोगिता को संचालित करने के लिए जिले के सभी 35 पीटीआई के अलावा निजी स्कूल के पीटीआई की ड्यूटी लगाई गई है। तीन दिन तक चलने वाली शालेय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को होगा। जिसमें सोमवार को हुई प्रतियोगिताओं में विजयी टीमों का अंतिम मुकाबला खेला जाएगा।

**सामने आ रही लापरवाही**

प्रतियोगिता के दौरान शिक्षा विभाग के खेल प्रकोष्ठ के जिम्मेदार लोगों की लापरवाही भी सामने आ रही है। प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान बाहर से आये खिलाड़ियों के कोच मैनजर, प्रभारी सहायक जिला क्रीडा अधिकारी को ढूंढते नजर आते हैं। कई बार उन्हें मोबाइल में कॉलकर बुलाया जाता है। इसके अलावा प्रतियोगिताओं के परिणाम को जारी करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को स्वयं आगे आना पड़ रहा है। इससे जाहिर होता है कि कंट्रोल रुप में जिन अधिकारियों को परिणाम जारी करने की जिम्मेदारी दी गई है उनके द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

**प्रतियोगिता का परिणाम**

**क्रिकेट बालक 17 वर्ष**

बिलासपुर विरुद्ध बस्तर विजयी बिलासपुर
बिलासपुर विरुद्ध रायपुर विजयी रायपुर
रायपुर विरुद्ध दुर्ग विजयी रायपुर

**वॉलीबॉल बालक 17 वर्ष**

सरगुजा विरुद्ध दुर्ग विजयी दुर्ग
रायपुर विरुद्ध दुर्ग बालिका, रायपुर विजेता
रायपुर विरुद्ध बिलासपुर बालक विजेता बिलासपुर
रायपुर विरुद्ध सरगुजा बालिका, विजेता सरगुजा

**हॉकी 17 वर्ष**

दुर्ग विरुद्ध रायपुर बालक, विजेता रायपुर
दुर्ग विरुद्ध रायपुर बालिका, विजेता रायपुर
सरगुजा विरुद्ध बालक बास्तर, विजेता सरगुजा
सरगुजा विरुद्ध बस्तर बालिका, विजेता बस्तर
बस्तर विरुद्ध दुर्ग बालक, परिणाम बराबर
बिलासपुर विरुद्ध दुर्ग बालिका, विजेता बिलासपुर
रायपुर विरुद्ध बस्तर बालक, रायपुर विजेता

**वाटर पोलो बालक 19 वर्ष**

दुर्ग विरुद्ध बस्तर, दुर्ग विजेता
रायपुर विरुद्ध सरगुजा, सरगुजा विजेता
बिलासपुर विरुद्ध बस्तर, बिलासपुर विजेता
रायपुर विरुद्ध दुर्ग, दुर्ग विजेता
बिलासपुर विरुद्ध सरगुजा, बिलासपुर विजेता

# ई-नीलामी में जिले के आधा दर्जन रेतघाट पहले चरण में होंगे शामिल


बैठक में उपस्थित ठेकेदार व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के अनुसार खनिज साधन विभाग अंतर्गत गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के तहत एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए संभाग स्तर पर ठेकेदारों की बकायदा क्लास लगाई गई थी और उन्हें प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया है। अब एक सप्ताह के भीतर खनिज विभाग ऑनलाइन नीलामी के लिए तिथि निर्धारित करेगी जिसके बाद ठेकेदार प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे पहले चरण में खनिज विभाग आधा दर्जन से अधिक खदानों को ऑनलाइन नीलामी में शामिल कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि पहली बार प्रदेश में गौण खनिज साधारण रेत नियम 2025 नई नीति से ई नीलामी के जरिये रेत खदानों का आबंटन किया जाना है। इसके लिए खनिज विभाग ने तैयारी शुरु कर दी है। ई-नीलामी से संबंधित समस्त प्रक्रिया यथा निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने हेतु बोली कर्ताओं का पंजीयन बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अर्हताधारी बोली कर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार का चयन इत्यादि समस्त कार्यवाही उक्त पोर्टल के माध्यम से ही किया जाना है। गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए सोमवार को बिलासपुर के एक सभा भवन में प्रशिक्षण आयोजि किया गया था जिसमें प्रदेश भर के ठेकेदार शामिल हुए जिसमें उन्हें नए नियम से अवगत कराया गया। साथ ही वे किस तरह नीलामी में भाग ले सकते हैं और किन किन दस्तावेजों के माध्यम से वे नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं यह भी बताया गया। खनिज विभाग के सूत्र बताते हैं जिले में खनिज विभाग ने नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। खनिज विभाग आधा बड़े रेत खदानों की पहले चरण में ऑनलाइन नीलामी की प्रक्रिया संपन्न कराएगी।

**टेक्निकल कमेटी दस्तावेजों की करेगी जांच**

खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा नई रेत नीति से जो नए खदान प्रस्तावित किए गए हैं जिसमें पहले चरण में कम से कम 5 घाटों को शामिल किया जा सकता है। यह पूरी ऑनलाइन होगी। दस्तावेजों की जांच के लिए जिला स्तर पर टेक्नीकल कमेटी मेंबर का गठन किया गया है। पहले चरण के उपरांत दूसरे चरण में लगभग 10 बड़े रेतघाटों को नीलामी में शामिल किया जाएगा। बताया जाता है कि पहले चरण में शामिल रेतघाट हसदेव नदी में खुलेंगे। हालांकि अभी किन किन स्थानों को शामिल किया गया है यह अफसरों ने बताने से साफ इंकार कर दिया है।

**पहले से 18 खदान हो रही हैं संचालित**

एनजीटी के गाइडलाइन के अनुसार बारिश के सीजन में 10 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए जिले के सभी रेत खदान बंद हैं। अब महज एक दिन बाद जिले के 18 रेत खदान चालू हो जाएंगे। जिसमें शहरी क्षेत्र में नगर निगम द्वारा संचालित चारपारा रेत खदान, भिलाईखुर्द रेत खदान समेत ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत द्वारा संचालित कुदुरमाल, तरदा, भैसामुड़ा, गितारी, मोहरा, झींका, बगदर, चिचोली, जोगीपाली, कुदमुरा चुईया, घमोटा, दुल्लापुर, सिर्री, बर्रा व धवईपुर खदान शामिल है। रेत नीति-2019 के तहत खुले दो रेत खदान जिल्गा व शहर के गेरवाघाट बंद रहेंगे।

### मकान से चोरों ने किया हजारों का माल पार, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मकान नं एनआई-12 एसबीआई बैंक कालोनी निहारिका निवासी पवन दास महंत पिता सालीक दास महंत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पिता युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस लि. कंपनी में क्लर्क रिकार्डर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी सेवा के कारण कंपनी की ओर से रहने हेतु एनआई-12 नंबर का मकान उपलब्धं कराया गया है। पवन के मकान के पास स्थित एनआई-9 नंबर कमान को कार्यालय के स्टोरेज रूम के रूप में प्रयोग किया जाता है जिसमें सरकारी रिकार्ड फाइलें, कम्प्युटर, यूपीएस बैटरी एसी के पार्टस वायर कंप्यूटर सर्वर आदि रखे जाते है उसी स्टोरेज रूम में पवन ने भी अपनी निजी सामाग्री लगभग 6 बोरिया एचएमटी चावल रखी थी।

11 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने बाथरूम की खिडकी को तोड़कर उस कमरे ने घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने यूपीएस बैटरी, यूपीएस मशीन, आउटडोर एसी चेंबर का कपार्टनेंट, प्रिंटर, कम्प्युटर पार्टस, एचएमटी चावल की 6 नग बोरी सहित कुल 50 हजार रुपए सामानों की चोरी कर ली है। पवन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411